अमर शरदराव काळे
संसद सदस्य (लोकसभा)
वर्धा, महाराष्ट्र

जा.क्र. : WR/MP/AK/Wardha/1120/26

दिनांक : 31 /10/2026

सेवा मे,

माननीय श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी,
केंद्रीय संचार मंत्री,
भारत सरकार, नई दिल्ली।

विषय: BSNL के कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लंबित तृतीय वेतन/वेतनमान पुनरीक्षण (Third Pay/Wage Revision) को शीघ्र स्वीकृति प्रदान कर लागू करने तथा Affordability Clause में उचित छूट देने के संबंध में।

आदरणीय महोदय,

उपरोक्त विषय के संबंध में BSNL की मान्यता प्राप्त यूनियनों एवं एसोसिएशनों के संयुक्त मंच , All Unions and Associations of BSNL (AUAB) द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन के माध्यम से BSNL के कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लंबित तृतीय वेतन/वेतनमान पुनरीक्षण का विषय मेरे संज्ञान में लाया गया है। इस महत्वपूर्ण विषय पर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए अनुरोध है कि इसके शीघ्र एवं न्यायसंगत समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए।

भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) देश के दूरसंचार क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक उपक्रम है। ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाएँ उपलब्ध कराने, डिजिटल कनेक्टिविटी का विस्तार करने, स्वदेशी दूरसंचार तकनीक को प्रोत्साहित करने तथा भारतनेट, 4G सैचुरेशन परियोजना और अन्य राष्ट्रीय परियोजनाओं के क्रियान्वयन में BSNL की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इन दायित्वों का निर्वहन करते हुए BSNL के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अनेक कठिनाइयों के बावजूद अपनी सेवाएँ जारी रखी हैं और देश की संचार व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में योगदान दिया है। इसके बावजूद, BSNL के कर्मचारियों का तृतीय वेतन पुनरीक्षण, जो दिनांक 01.01.2017 से देय है, अब तक लागू नहीं हो पाया है। इस लंबे विलंब के कारण कर्मचारियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है तथा उनके मनोबल और कार्य के प्रति उत्साह पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। किसी भी सार्वजनिक उपक्रम की प्रगति और पुनरुत्थान में उसके कर्मचारियों की निष्ठा, कार्यक्षमता एवं प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण योगदान होता है। अतः उनके लंबे समय से लंबित वेतन पुनरीक्षण पर शीघ्र निर्णय लिया जाना आवश्यक है।

प्राप्त ज्ञापन के अनुसार, BSNL प्रबंधन ने आवश्यक औपचारिकताएँ पूर्ण करने के पश्चात वेतन/वेतनमान पुनरीक्षण का प्रस्ताव दिनांक 24.02.2026 को दूरसंचार विभाग (DoT) को भेजा है। तथापि, इस विषय पर अब तक अंतिम निर्णय नहीं हो सका है। बेतन पुनरीक्षण के मार्ग में Affordability Clause अर्थात वित्तीय वहनीयता संबंधी शर्त को एक प्रमुख बाधा बताया गया है।

निवास : वसंत नगर, एस.टी. बसस्थानक मागे आर्वी ता.आर्वी जि. वर्धा. (महाराष्ट्र) 442201 • **दूरभाष :** 07157 - 299500 • **भ्रमणध्वनी क्र.** 9881571571 , 9421784307 (Folded Letterhead)
दिल्ली निवास : फ्लैट नंबर 501 गोदावरी, बी.के.एस. मार्ग, नई दिल्ली 110001 • मोबाइल: 9881571571, 9765173021
वर्धा कार्यालय: मोहन नगर, अपोजिट राजपाल पेट्रोल पंप, नागपुर रोड, वर्धा-442001 • मोबाइल: 9881571571, 9423419839
amarsharadraokale.mp@mpls.sansad.in, mlaamarkale@gmail.com Amar Kale @amarkale.official @amarkale_speaks

सत्यमेव जयते

अमर शरदराव काळे

संसद सदस्य (लोकसभा)

वर्धा, महाराष्ट्र

इस संदर्भ में यह विचारणीय है कि BSNL पर केवल व्यावसायिक लाभ अर्जित करने का ही दायित्व नहीं है, बल्कि ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों में किफायती दूरसंचार सेवाएँ उपलब्ध कराने तथा केंद्र सरकार की विभिन्न जनहितकारी परियोजनाओं को लागू करने की जिम्मेदारी भी है। इसलिए BSNL की वित्तीय स्थिति का आकलन करते समय उसके सार्वजनिक सेवा संबंधी दायित्वों, राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं तथा सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को भी समुचित महत्व दिया जाना चाहिए। Affordability Clause के संबंध में भी सभी प्रासंगिक तथ्यों और लागू सरकारी दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए उचित नीतिगत निर्णय लिया जाना आवश्यक है।

यह भी उल्लेखनीय है कि BSNL के कर्मचारियों ने संगठन के पुनरुत्थान, नेटवर्क विस्तार, स्वदेशी तकनीक के विकास तथा दूरसंचार सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में निरंतर योगदान दिया है। ऐसे समय में, जब BSNL को प्रतिस्पर्धात्मक दूरसंचार बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करनी है, तब उसके अनुभवी एवं कुशल कार्यबल का मनोबल बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। लंबे समय से लंबित वेतन पुनरीक्षण का शीघ्र समाधान कर्मचारियों में विश्वास बढ़ाने के साथ-साथ BSNL के भविष्य के विकास में भी सहायक होगा। अतः आपसे अनुरोध है कि इस विषय में व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करते हुए निम्नलिखित कार्रवाई करने की कृपा करें :

1. BSNL के कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लंबित तृतीय वेतन/वेतनमान पुनरीक्षण को शीघ्र स्वीकृति प्रदान कर लागू करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएँ।
2. BSNL की वित्तीय स्थिति के साथ-साथ उसके राष्ट्रीय एवं सार्वजनिक सेवा संबंधी दायित्वों को ध्यान में रखते हुए Affordability Clause में नियमानुसार उचित छूट प्रदान करने के प्रस्ताव पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए।
3. दूरसंचार विभाग तथा संबंधित मंत्रालयों के बीच आवश्यक समन्वय स्थापित कर इस प्रकरण का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि कर्मचारियों को लंबे समय से प्रतीक्षित न्यायोचित लाभ प्राप्त हो सके।

महोदय, BSNL के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कठिन परिस्थितियों में भी देश की सेवा करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। उनके योगदान को उचित मान्यता देना तथा न्यायसंगत सेवा लाभ उपलब्ध कराना न केवल कर्मचारियों के हित में है, बल्कि BSNL को एक सशक्त, सक्षम एवं प्रतिस्पर्धी सार्वजनिक उपक्रम के रूप में विकसित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम होगा। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप इस विषय की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक पहल करेंगे तथा BSNL के हजारों कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हित में लंबित बेतन पुनरीक्षण के शीघ्र कार्यान्वयन हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

सधन्यवाद।

आपला

अमर शरदराव काळे

निवास : वसंत नगर, एस.टी. बसस्थानक मागे आर्वी ता.आर्वी जि. वर्धा. (महाराष्ट्र) 442201 • **दूरभाष :** 07157 - 299500 • **भ्रमणध्वनी क्र.** 9881571571 , 9421784307 (Head)

दिल्ली निवास : फ्लैट नंबर 501 गोदावरी, बी.के.एस. मार्ग, नई दिल्ली 110001 • मोबाइल: 9881571571, 9765173021

वर्धा कार्यालय: मोहन नगर, अपोजिट राजपाल पेट्रोल पंप, नागपुर रोड, वर्धा-442001 • मोबाइल: 9881571571, 9423419839

amarsharadraokale.mp@mpls.sansad.in, mlaamarkale@gmail.com Amar Kale @amarkale.official @amarkale_speaks